फुटबॉल | रेलवे की 81वीं फुटबॉल चैंपियनशिप शुरू


# डब्ल्यूसीआर की 6-1 से धमाकेदार जीत




**नवभारत, जबलपुर।** रेलवे स्टेडियम में मंगलवार से 81वीं अखिल भारतीय रेलवे (पुरुष) फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 के लीग राउंड का आगाज हुआ। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 24 सितंबर तक चलने वाली चैंपियनशिप में 13 रेलवे टीमें दो पूल में खिताब के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। मुकाबले रेलवे स्टेडियम और शिवाजी ग्राउंड, सदर में खेले जा रहे हैं।उद्घाटन मुकाबले में मेजबान पश्चिम मध्य रेलवे ने उत्तर पश्चिम रेलवे को 6-1 से करारी शिकस्त देकर शानदार शुरुआत की। वहीं रेलवे स्टेडियम में ही रेल कोच फैक्ट्री ने पूर्व रेलवे को 2-0 से हराया। शिवाजी ग्राउंड पर दक्षिण रेलवे ने बनारस लोकोमोटिव वर्क्स को 7-0 और पश्चिम रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 7-0 से शिकस्त दी। पहले ही दिन मैदान पर गोलों की बरसात ने प्रतियोगिता के रोमांच का अंदाजा दे दिया।

### इन टीमों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, उत्तर सीमांत रेलवे, रेलवे बोर्ड, दक्षिण रेलवे, बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, रेल व्हील फैक्ट्री, पश्चिम मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, पूर्व रेलवे, रेल कोच फैक्ट्री, दक्षिण मध्य रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे और दक्षिण तटीय रेलवे की टीमें हिस्सा ले रही हैं। पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ, जबलपुर की मेजबानी में हो रही चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिल रहा है। उद्घाटन अवसर पर खेलकूद संघ के अध्यक्ष मनोज गुरुमुखी सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, रेलकर्मी और खिलाड़ी मौजूद रहे।



## दो दिवसीय विशाल ईनामी दंगल का आयोजन 17 एवं 18 को


**नवभारत, जबलपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सगड़ा व्यायाम शाला द्वारा स्व. श्याम सिंह लोधी खलीफा स्मृती में दो दिवसीय दंगल 17 एवं 18 सितम्बर दिन गुरूवार एवं शुक्रवार को समय दोपहर 03:00 बजे से स्थान व्यायाम शाला सगड़ा, साँई मंदिर के सामने, सगड़ा, जबलपुर में आयोजित किया गया है। दंगल समिति के अध्यक्ष किशोरी लोधी के द्वारा शहर के सभी अखाड़ों के पहलवानों को दंगल में भाग लेने की अपील की है। भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव ने बताया कि उक्त दो दिवसीय दंगल पर शहर के अलावा सिहारा, कटनी, बरेला, भेड़ाघाट, बरगी, एवं आसपास के सभी जिलों पहलवान भी इसमें बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे।




## राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में आनंद ने जीता स्वर्ण

**महाप्रबंधक ने दी बधाई**

**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में वाणिज्य विभाग के कार्यालय अधीक्षक आनंद कुमार पटेल ने सीनियर राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 120 किलोग्राम भार वर्ग की डेडलिफ्ट स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्णिम सफलता दर्ज की। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में आयोजित प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए पटेल ने अपनी ताकत, अनुशासन और मेहनत का दम दिखाया। उनकी इस उपलब्धि से मध्य प्रदेश के साथ पश्चिम मध्य रेलवे और जबलपुर रेल मंडल का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ। श्री पटेल की इस उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, खेलकूद संघ अध्यक्ष मनोज गुरुमुखी और सचिव जी.पी. शिव नारायण ने उन्हें बधाई दी। महाप्रबंधक ने उनकी सफलता की सराहना करते हुए आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



## सांसद आशीष दुबे का जन्मदिन पर सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** भगवान परशुराम वंशज, ब्राह्मण एकता मंच, यादव समाज, यूसीएन केबल ऑपरेटर संघ एवं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और साथियों ने जबलपुर सांसद आशीष दुबे का जन्मदिन पर सम्मान किया। इस दौरान पंडित योगेंद्र दुबे, पवन तिवारी, राम दुबे, संजू कपूर और संजय यादव ने पौधरोपण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही प्रतिभावान बच्चों के सम्मान की परंपरा की सराहना करते हुए इसे नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने वाला कदम बताया। समारोह में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, शेखर मिश्रा, कपिल दुबे, राहुल, अतुल एवं मुकेश सिंह मौजूद रहे।

## बैठक में साहू समाज का किया गया गठन

**नवभारत, जबलपुर।** नरसिंहपुर जिले के नर्मदा तट में मध्य प्रदेश साहू समाज भोपाल की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भगवान दास साहू ने की, संचालन महासचिव टी. आर. साहू ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं महासचिव की सहमति व सर्वसम्मति से नवीन नियुक्तियां हुई जिसमें महिला विंग से वर्षा नीरज साहू को प्रादेशिक महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रादेशिक संरक्षक इंदु लता गुल्हानी अतिरिक्त महिला अध्यक्ष सरिता साहू को नियुक्त किया गया वहीं, चौधरी राजेश कुमार साहू को प्रादेशिक कार्यकारिणी अध्यक्ष, इंद्र कुमार साहू को प्रादेशिक उपाध्यक्ष, चंद्र मोहन साहू को प्रादेशिक युवा अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



## जैन मंदिर, शिव नगर में गर्भसंस्कार एवं दीप अर्चना

**नवभारत, जबलपुर।** जैन मंदिर, शिव नगर में गर्भसंस्कार एवं दीप अर्चना की गई। इस दौरान सर्वप्रथम पूज्य श्री 108 निष्कंप सागर जी महाराज एवं पूज्य श्री 108 निष्काम सागर महाराज का पावन सान्निध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यकर्ताओं ने महाराजश्री का पद प्रक्षालन कर उन्हें शास्त्र भेंट किए। महाराज श्री ने प्रवचन में भक्तामर स्रोत की महिमा तथा होने वाले सकारात्मक लाभों एवं बीज मंत्रों के महत्व की विस्तृत विवेचना की। मुख्य वक्ता डॉ. दीपा प्रमोद जैन ने गर्भाधान, गर्भसंस्कार एवं गर्भशोधन के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में दीप अर्चना द्वारा देश की सुख-समृद्धि तथा शांति-सौहार्द की कामना की गई। शहर के प्रमुख रक्तदाताओं एवं डॉ अमिता जैन की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान भी किया।कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की अध्यक्ष अमिता जैन, कोषाध्यक्ष मोनिका जैन, सचिव तारा जैन, मौली जैन, रानी जैन स्वाति जैन, अर्चना जैन, रीतिका जैन, मोनिका जैन आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। दर्पण रोटी बैंक के प्रिंसी जैन, किरण जैन, अंकित कुबेर, विकास खंडेलवाल, आर्यन गुप्ता, अर्चना गुप्ता, प्रदीप सुमन, नितिश दुबे, अंकुर साहू, राहुल तिवारी, संजय जैन सम्यक आदि ने व्यवस्था की ज़िम्मेदारी संभाली।

## दुबई के अल हम्मदी टावर में गूंजेगा वक्रतुंड महाकाय



**नवभारत, जबलपुर।** दुबई के अल हम्मदी टावर में रह रहे सनातनी परिवार गणेशोत्सव पर मिट्टी से निर्मित विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं की स्थापना कर नौ दिवसीय विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। पूजन-अर्चन और अनुष्ठान के लिए जबलपुर के पंडित संदीप कृष्ण शास्त्री को आमंत्रित किया गया है। विदेश में रहकर भी सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने की यह पहल भारत विश्वगुरु बने और परिवारों पर भगवान गणेश की कृपा बनी रहे, इसी मंगलकामना को समर्पित है।

## जनेकृविवि के कुलसचिव का प्रभार रचना शर्मा को सौंपा गया



**नवभारत, जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, जबलपुर में कार्यरत रचना शर्मा, को पदोन्नति उपरांत जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर का कुलसचिव बनाया गया है। आप जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से बीएससी एवं एमएससी की शिक्षा प्राप्त की हैं। आपने विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं एवं अधिकारी, कर्मचारियों की समस्याओं को ईमानदारी पूर्वक त्वरित निदान करने की बात कही है।

श्रीमति रचना शर्मा को कुलसचिव बनाये जाने पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. एस. के. प्यासी, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए. के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी. आर. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अल्पना सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा, तकनीकी अधिकारी इजी. एस. के. जैन, सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय.एम. शर्मा सहित विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।

## विश्वेश्वरैया के योगदान को याद कर इंजीनियरों को दी प्रेरणा




**अभियंता दिवस पर हुआ आयोजन**

**नवभारत, जबलपुर।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), जबलपुर लोकल सेंटर में मंगलवार को अभियंता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें इंजीनियरिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों, सस्टेनेबल विकास और देश के निर्माण में अभियंताओं की भूमिका पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सर एम. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई।

### विश्वेश्वरैया के योगदान को किया याद

विशिष्ट अतिथि इंजी. उमेश दुबे ने सर विश्वेश्वरैया के जीवन और उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्वेश्वरैया ने इंजीनियरिंग के साथ देश के आर्थिक विकास और नियोजन को लेकर भी महत्वपूर्ण विचार दिए। समाज और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

### ये अभियंता रहे मौजूद

कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन मानसेवी सचिव इंजी. सुरेंद्र सिंह पवार ने किया। इस दौरान इंजी. विनोद बिर्थरे, इंजी. विजय पंड्या, इंजी. प्रभात कनोजे, इंजी. सुधीर शर्मा, इंजी. प्रकाश दुबे, इंजी. लक्ष्मण दास, इंजी. हेमंत त्रिवेदी सहित अन्य अभियंता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

**समस्या समझकर समाधान तलाशना**

इंजी. अंकित जैन ने कहा कि एक अच्छे इंजीनियर के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ समस्या को समझकर उसका त्वरित और व्यावहारिक समाधान निकालना भी जरूरी है। बदलती तकनीक के दौर में अभियंताओं को लगातार अपने ज्ञान और कौशल को विकसित करते रहना चाहिए।



## कैंट के हजारों घरों में छलकेगा अमृत

**विधायक ने किया भूमिपूजन**

**नवभारत, जबलपुर।** कैंट क्षेत्रवासियों के लिए पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। 'अमृत योजना 2.0' के तहत जलप्रदाय कार्य का भव्य भूमिपूजन विधायक अशोक रोहाणी द्वारा संपन्न किया गया है। इस अवसर पर जबलपुर सांसद आशीष दुबे, कैंट विधायक अशोक रोहाणी, कैंट बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर दिनेश कुमार एवं कैंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) राजीव कुमार सहित क्षेत्रीय नागरिकों, अधिकारी उपस्थित रहे। कैंट बोर्ड द्वारा आयोजित इस परियोजना की कुल लागत 43.77 करोड़ रूपए है। इसका निर्माण कार्य 'पी.सी. स्नेहल कंस्ट्रक्शन प्रा. लि., अहमदाबाद' द्वारा किया जा रहा है। परियोजना का कायार्देश 23 मार्च को जारी किया जा चुका है और इसे पूर्ण करने की समय-सीमा 30 माह (22 सितंबर 2028 तक) रखी गई है। योजना का संचालन एवं संधारण कार्य अगले 5 वर्षों तक कंपनी द्वारा ही किया जाएगा।

**बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित**
बेला पं. क्रं. 1466
दिनांक :- 07/09/2026
**वार्षिक आम सभा की सूचना**
समिति बेला (सिलुवा) में दिनांक 29/09/2026 को समय 11:30 पर वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया हैं। सभी कृषक एवं सदस्य सादर आमंत्रित हैं।
**प्रशासक**
**रघुनाथ कदोलिया**
**समिति प्रबंधक**
**रामजी पटैल**

**बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित**
कछपुरा पं. क्रं. 0662
दिनांक :- 07/09/2026
**वार्षिक आम सभा की सूचना**
समिति कछपुरा में दिनांक 24/09/2026 को समय 1:00 बजे से वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया हैं। सभी कृषक एवं सदस्य सादर आमंत्रित हैं।
**प्रशासक**
**रघुनाथ कदोलिया**
**समिति प्रबंधक**
**रामजी पटैल**

## हजारों महिलाओं ने ग्रहण किया भंडारा

**नवभारत, जबलपुर।** रात भर तीजा व्रत में भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चन के बाद सुबह हनुमान ताल में फुलेहरा विसर्जन करने के दौरान राजा रसगुल्ला के सामने कुंबेश्वर महादेव में हजारों महिलाओं ने जलेबी पोहा का भंडारा ग्रहण किया।





## भाजपा कार्यालय में विराजे गजानन

**नवभारत, जबलपुर।** भाजपा कार्यालय रानीताल में गणेश भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना विधि विधान पूजन अर्चन के साथ की गई। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम पटैल, सुदर्शन अनूप सहित अन्य भाजपाईयों ने भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन किया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./ 0846/ अ-6/2026-27
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति अर्चना सिंह पति सतेन्द्र पाल सिंह निवासी सी-10 शिवार्श एलेन्जा मण्डला रोड जबलपुर द्वारा ग्राम कटियाघाट प.ह.नं., नं.ब., ख.नं. 47 रकबा 178.12 वर्गमीटर हेक्टेयर/ वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अत: उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/09/2026 को जारी।
जारी दिनांक :- 03/09/2026
पेशी दिनांक :- 19/09/2026
सील
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रांझी, जबलपुर (म.प्र.)**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./ 790/ अ-6/2026-27
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आरती सिंह ठाकुर पति श्री कुलदीप सिंह ठाकुर निवासी-सी-10 शिवार्थ एलेजा मण्डला रोड जबलपुर ने मोजा सिविल स्टेशन नजूल ब्लाक नं./ डाय. शीट नं..32 प्लाट नं. 2/14 रकवा. 603 व.फु./हे. खसरा नं. रकवा. व.फु./हे. पर विक्रयपत्र / हक त्याग / वसीयतनामा / दानपत्र / वारसान हक / दिनांक के 14/05/2026 के आधार पर क्रेता/खातेदार की मृत्यु दिनांक 29/05/2026 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया हैं।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संघरण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल सि.स्टे. ब्लाक नं. 32, प्लाट नं. 2/14, रकवा 603 व.फु./हे. ग्राम प.ह.नं. खसरा नं. रकवा व.फु./हे. पर श्रीमति निर्मल पति स्व. लक्ष्मण सिंह चौहान निवासी सि. लाईन जबलपुर का नाम दर्ज है।
अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 09/09/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 24/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक :- 03/09/2026
पेशी दिनांक :- 19/09/2026
सील
**तहसीलदार**
**रांझी, जबलपुर (म.प्र.)**

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**
निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना कमांक** : डी. आर. एम. डब्ल्यू-जे. बी.पी-176-26 दिनांक : 07/09/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : डिविजनल इंजीनियर (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में कटनी-सिंगरौली सेक्शन के देवराग्राम यार्ड में ट्रैक नवीनीकरण के विभिन्न कार्यों के सिलसिले में नाली बनाने/सुधारने का काम। **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 15007031, **बयाना राशि रूपये** : 300200/- **समापन अवधि** : 08 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** : 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि** : 06/10/2026, **निविदा सूचना कमांक** : डी.आर. एम. डब्ल्यू-जे. बीपी-177-26 दिनांक : 07/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : डिविजनल इंजीनियर (पूर्व) सेक्शन में ट्रैक नवीनीकरण के विभिन्न कार्यों के सिलसिले में, सिंगल शॉट क्रूसिबल का उपयोग करके 52 kg/ 60 kg/ 90 यू टी एस /R260 रेल की इन-सीटू वेल्डिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 8519918, **बयाना राशि रूपये** : 170400/-, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** : 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि** : 06/10/2026, **निविदा सूचना कमांक** : डी.आर.एम. डब्ल्यू-जे. बी.पी-178-26 दिनांक रू 07/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : न्यू कटनी जंक्शन इंटीग्रेटेड स्किल डेवलपमेंट (फेज-II) के लिए ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (एम डी डी टी आइ - न क ज) के इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 13331392, **बयाना राशि रूपये** : 266600/-, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** : 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि** : 06/10/2026, **निविदा सूचना कमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे. बीपी-179-26 दिनांक : 07/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : डिविजनल इंजीनियर (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में (i) कटंगी खुर्द, खन्ना बंजारी, ब्योहारी, निवास रोड और सरई ग्राम में ट्रैक मशीनों के लिए साइडिंग सुविधाओं की व्यवस्था और (ii) कटनी-सिंगरौली सेक्शन पर LC नंबर 59, 67, 88, 105 पर सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 35957943 **बयाना राशि रूपये** : 719200/-, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** : 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि** : 06/10/2026, **निविदा सूचना कमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे. बी.पी-180-26 दिनांक : 08/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : सहायक मंडल अभियंता, कटनी उप-मंडल के अधिकार क्षेत्र में बखलेटा एवं रीठी स्टेशनों पर प्लेटफार्मों का उन्नयन। (कार्य का भाग - जबलपुर मंडल के अंतर्गत बखलेटा (बी.क्यू.क्यू.), रीठी (आर.ई.आई.), नरियावली (एन.ओ.आई.), पथरिया (पी.एच.ए), सगौनी (एस.ए.ओ.) एवं भरसेंडी (बी.एस.डी.एल.) स्टेशनों पर कुल 06 प्लेटफार्मों को रेल स्तर/निम्न स्तर (आर.एल./एल.एल.) से उच्च स्तर (एच.एल.) में उन्नयन करने का कार्य।) **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 3,93,84,701 **बयाना राशि रूपये** : 7,87,700/-, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** : 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि** : 06/10/2026, उपरोक्तई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गइ है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
हस्ता.
**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**
**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (WATER WORKS) JABALPUR**
**MUNICIPAL CORPORATION JABALPUR**
NIT No./WW/PRO/2026-27/e-tender/PRO-562 **Notice Inviting e-Tenders** Date: 15/09/2026
Online percentage rate bids for the following works (estimated on UADD SOR w.e.f. 2.8.2021) on Form "A" (Appendix-2.10). are invited from registered Contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria.

| S. No | Tender Id. | Name of Work | Portable Amount of Contract (In Rupees) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Category of Contactor | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD 535522_1 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of XLPE ABC Cable and 120 watt LED street Light at Bhongadwar Water Treatment Plant. | 409345/- | 4100/- | 2,000/- | Suitable Class A of Govt. or equivalent in any Sate/Central /PSU | 04 months (including rainy season) |

1. All details relating to the Bid documents(s) can be viewed and download free of cost from the website www.mptenders.gov.in. 2. Amendment of NIT, if any, would be published on website only and not in Newspaper.
**Executive Engineer (WW) Municipal Corporation, Jabalpur**

**O/o SUPERINTENDING ENGINEER CITY CIRCLE MP POORY KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD. JABALPUR**
CIN:U40109MP2002SGC015120, e-mail: secityjabalpur@gmail.com
Phone: 0761-2621784, GST:23AADCM6175E2ZM
No. SE/CCJ/PUR/NIT/2026-27/ **Online Tender** Jabalpur Dtd:
Online tender are invited for following items:-

| Sr. No. | T.S. No. (For e-Tendering) | NAME OF ITEMS | APPROX VALUE (Rs. in Lakhs) | TENDER FEE (in Rs) | Due Date & times of Opening oftender online from (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (E-Tender No.EE/CDW/26-27/TS-04/1264 2026_PKVVC_534393_1Dt. 03.09.2026 | Hiring of 01 No Light motor vehicle Tata ACE Ladder or equivalent of latest model for Office of EE (City Division West) Jabalpur. | 8.00 | 1180/- | 21.09.2026 11:00AM. |
| 2. | (E-Tender No.EE/CDS/26-27/TS-04/1218 2026_PKVVC_535743_2Dt. 11.09.2026 | Hiring of 01 No Light motor vehicle Tower Ladder Jeep for Office of EE (City Division South) Jabalpur | 6.50 | 1180/- | 21.09.2026 2:00PM. |

*For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in Cover -1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or http://mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW ''बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें'' S.E. (CCJ) MPPKVVCL. JABALPUR